शंभू दयाल इंटर कॉलेज के छात्रों को बताया कंपनी सचिव के दायित्व

hamaraghaziabad.com/137781/

May 16, 2019

गुरुवार, 16 मई को शंभू दयाल इंटर कॉलेज, गाज़ियाबाद में भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (ICSI) के एनआईआरसी के गाज़ियाबाद चैप्टर ने एक करियर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को कंपनी सचिव के दायित्वों व कर्तव्यों की जानकारी देना था। इस कार्यक्रम में कॉलेज के 80 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के दौरान सी.एस. मयंक भारद्वाज (प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव) ने छात्रों को कंपनी सचिव की भूमिका की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को भारतीय कंपनी सेक्रेटरी के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि, आने वाले वर्षों में कंपनी सेक्रेटरी के रूप में छात्रों के लिए रोजगार की बड़ी संभावनाएं हैं।

वहीं, गाज़ियाबाद चैप्टर के कार्यालय प्रभारी विनय कुमार ने कंपनी सेक्रेटरी कोर्स में शामिल होने की पूरी प्रक्रिया बताई।

व्हाट्सएप के माध्यम से हमारी खबरें प्राप्त करने के लिए यहाँ क्लिक करें।

हमारा न्यूज़ चैनल सबस्क्राइब करने के लिए यहाँ क्लिक करें।
Follow us on Facebook http://facebook.com/HamaraGhaziabad
Follow us on Twitter http://twitter.com/HamaraGhaziabad